कृपया प्रकाशनार्थ - **26 फरवरी 2013**

देश की निराशा, तो मुंबई की उपेक्षा करनेवाला रेल बजट : राम नाईक

मुंबई, मंगलवार: ''देश की निराशा करनेवाला, तो मुंबई के साथ पुरे महाराष्ट्र की उपेक्षा करनेवाला रेल बजट रेल मंत्री श्री. पवन कुमार बंसल ने पेश किया है. पुरे देश में अकेले रायबरेली में और एक नया प्रकल्प मिलने से हर्षोल्हास होगा'', ऐसे शब्दों में पूर्व रेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री. राम नाईक ने रेल बजट की आलोचना की है.

''रेल मंत्री ने पिछले दरवाजे से किराया वृद्धी की है. पैदल पूल जैसी योजनाओं का जिम्मा राज्य सरकार को देकर रेल मंत्री प्रगती की ओर कदम बढाने के बदले अधोगति की ओर चल पडे हैं'', ऐसी राय देकर श्री. राम नाईक ने कहा,''मुंबई के यात्री बेसबरी से नयी योजना की प्रतिक्षा कर रहे थे. नयी योजना तो दूर रही, लेकीन लगभग दो वर्षों से तैयार चर्चगेट-डहाणू रेल मार्ग पर कब गाडी दौडेगी इसका जिक्र भी रेल मंत्री ने न करने से उपनगरी यात्रिओं के जख्मों पर नमक छिडका है.''

रेल मंत्री मुंबई के उपनगरी यात्रिओं को क्या समझते है ऐसा सवाल पूछ कर श्री. राम नाईक ने याद दिलाया कि पिछले रेल बजट में मुंबई में एक वर्ष में 50 एस्कलेटर्स बनाने की घोषणा की गयी थी. मगर उसमें से एक भी तैयार नही हुआ है. 75 नयी गाडीयों की भी घोषणा हुअी थी मगर वह वादा भी पुरा नही किया. ''ऐसे में रेल मंत्री अब इस वर्ष में 72 नयी गाडीयों की घोषणा करते है तो मुंबई के यात्री उन पर यकीन कैसे करें'', ऐसा सवाल भी श्री. राम नाईक ने किया.

(कार्यालय मंत्री)